p>

Title: Request government to allocate special fund in the Budget 2020-21 for running of a fast local train on the harbour line in Mumbai.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): सभापति जी, 'मुम्बई लोकल' मुम्बई के सभी नागरिकों की लाइफ लाइन है और मुम्बई में सैंट्रल रेलवे और वेस्टर्न रेलवे पर फास्ट लोकल चलाई जाती है, लेकिन हार्बर रेलवे पर फास्ट लोकल नहीं चलाई जाती है । हार्बर रेलवे के सभी पैसेंजर्स की बहुत दिनों से डिमांड है कि हार्बर रेलवे पर फास्ट लोकल चलाई जाए । इसके लिए रेलवे मिनिस्ट्री ने एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जो सीएसटी टू पनवेल एलिवेटेड कोरिडोर है और इसका शिलान्यास भी प्रधान मंत्री जी के हाथों से हुआ । लेकिन दुर्भाग्य है कि यह प्रोजेक्ट एमआरवीसी और एमएमआरडी को मिला । इन कम्पनियों ने इसकी पोजिटिव रिपोर्ट बनाई और रेलवे बोर्ड तथा रेलवे मिनिस्ट्री को दी । रेलवे मिनिस्ट्री ने वह प्रस्ताव केबिनेट में रखा । केबिनेट ने इस प्रस्ताव को फिर से रीस्टडी करने के लिए कहा । मुम्बई में जो मेट्रो का नेटवर्क है, उसकी वजह से इस कोरिडोर पर प्रभाव हो सकता है । एमआरवीसी और एमएमआरडी ने फिर एक बार रीस्टडी करके वह रिपोर्ट रेलवे बोर्ड से लेकर, रेलवे मिनिस्ट्री से लेकर, नीति आयोग से लेकर केबिनेट को सब्मिट की है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वर्ष 2020-21 के बजट में उसके लिए स्पेशल बजट प्रोविजन होना चाहिए और जल्द से जल्द उसका टेंडर निकाल कर उस काम का शुभारम्भ होना चाहिए ।

माननीय सभापति : श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।